The notice of EGM has been sent only through electronic mode to those members whose email ids are registered with the Company/Registrar and Share Transfer Agent ('RTA')/Depository Participant ('DP') as on Friday, November 13, 2026 in accordance with General Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020; 14/2020 dated April 08, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020 and the subsequent circulars issued in this regard, the latest being Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 issued by the MCA read with SEBI Master Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/2023/120 dated July 11, 2023, SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 03, 2024, SEBI Master Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/0155 dated November 11, 2024 and other applicable circulars issued by SEBI. The emailing/dispatch of EGM notice to all members has been completed on November 16, 2026. The notice of EGM is also available on the Company's website at https://www.avrofurniture.com, website of the stock exchanges i.e. National Stock Exchange of India Limited at https://www.nseindia.com, BSE Limited at htttps://www.bseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited ('NSDL') at www.evoting.nsdl.com.

Members whose email ids are already registered with the Company/RTA/DP may follow instructions for remote e-voting as well as e-voting at EGM as provided in the EGM notice. Members holding the shares in demat form who have not registered their email IDs with Company/RTA or with respective DPs can temporarily get their email IDs registered with the Company by emailing at cs@avrofurniture.com and follow the temporary registration process as guided thereafter to receive the notice of EGM which inter-alia contains the instructions for attending the EGM through VC/OAVM. However, for permanent registration of email id, members are requested to approach their respective DPs and follow the process advised by DPs.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended from time to time, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, members will be provided with the facility to cast their vote electronically through remote e-voting facility (before the EGM) and e-voting facility at the EGM on the resolutions set forth in EGM Notice. The facility of casting votes will be provided by National Securities Depository Limited ('NSDL'). Facility for e-voting at the EGM will be made available to those members who are present in the EGM through VC/OAVM and have not cast their vote on the resolutions through remote e-voting. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM shall be eligible to attend the EGM through VC/OAVM, but shall not be eligible for e-voting at the EGM.

In this regard, all the members are further informed that:

1. The businesses as set forth in the EGM Notice will be transacted through voting by electronic means in the form of e-voting.
2. The voting rights of members shall be in proportion to their shares in the paid-up equity share capital of the Company as on Tuesday, December 01, 2026 i.e. Cut-off date. Any person whose name is recorded in the register of member or in beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date Tuesday, December 01, 2026 shall only be entitled to vote electronically through remote e-voting or e-voting at the EGM.
3. Any person who acquires the shares of the Company and becomes member of the Company after sending the notice of the EGM and holding shares as on Cut-off date i.e. Tuesday, December 01, 2026 may obtain the login ID and password by sending an email to evoting@nsdl.co.in or cs@avrofurniture.com by mentioning their Folio No/DP ID and Client ID. However, if a person is already registered with NSDL for remote e-voting, then existing User Id and password can be used for casting the votes.
4. The remote e-voting period shall commence on Saturday, December 05, 2026 at (09:00 a.m. IST) and ends on Monday, December 07, 2026 at (05;00 p.m. IST). The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently.
5. Detailed process and manner of remote e-voting at the EGM, e-voting at the EGM and instructions for attending the EGM through VC/OAVM for the members is being provided in the EGM Notice.
6. In case of any queries, you may refer the frequently asked question (FAQs) for shareholders and e-voting user manual for shareholders available at download section of www.evotingnsdl.com or call on toll free no: 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to Mr. Amit Vishal, Assistant Vice President, National Securities Depository Limited, 4th Floor, 'A' Wing, Trade World, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai-400013 at evoting@nsdl.co.in who will also address the grievances connected with the voting by electronic means.
7. The Board of Directors of the Company has appointed Mr. Lalit Chaturvedi, proprietor of M/s Chaturvedi & Company, Practicing Company Secretary as scrutinizer to scrutinize the process for remote e-voting and e-voting at the EGM in a fair and transparent manner.
8. The results shall be declared within two working days of the conclusion of the EGM and the same, along with Consolidated Scrutinizer's Report shall be placed on the website of the Company (www.avrofurniture.com) and shall be communicated to National Stock Exchange of India Limited and BSE Limited.

**For Avro India Limited**
**Sd/-**
**Sumit Bansal**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**

**Date: November 18, 2026**
**Place: Ghaziabad**

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात करके 18 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र सहित राजधानी के विकास, जनहित और भविष्य की प्राथमिकताओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप दिल्ली को आधुनिक सुविधाओं, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और बेहतर जीवन स्तर वाली विश्वस्तरीय राजधानी बनाना हमारा लक्ष्य है। इसी दिशा में सभी के सहयोग एवं समन्वय से दिल्ली के विकास को नई गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा मेले में हुड़दंगियों का तांडव पुलिस के सामने मारपीट और फायरिंग

नई दिल्ली । हापुड़ कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मेले में आने-जाने वाले लोगों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग के वीडियो सामने आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि गढ़ कोतवाली के सामने ही पुलिस की मौजूदगी में हुड़दंगी पूरी रात उत्पात मचाते रहे, लेकिन अराजक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आई।

बताया जा रहा है कि मेला रोड पर पूरी रात बुलेट बाइकों से पटाखे छोड़कर दहशत फैलाई गई। बाइकों से हुड़दंग किया गया और सड़क पर तेज रफ्तार में दौड़ लगाई गई। वहीं, मारपीट और फायरिंग के वीडियो सामने आने के बाद मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कोतवाली के सामने ही अराजक तत्व बेखौफ होकर कानून व्यवस्था को चुनौती देते रहे तो बाकी मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा का क्या हाल रहा होगा?

कार्तिक पूर्णिमा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में पुलिस की कथित लापरवाही गंभीर चिंता का विषय है। अब सवाल है कि जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से इन घटनाओं पर क्या कार्रवाई की जाएगी और हुड़दंगियों पर कब शिकंजा कसेगा। सीओ राहुल यादव का कहना है कि मामले में जांच कराई जा रही है आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एमसीडी ने सभी 12 जोनों के छठ घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

नई दिल्ली । दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने छठ पूजा के बाद दिल्ली के सभी 12 जोनों के अंतर्गत आने वाले छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इसका उद्देश्य पर्व के दौरान एवं उसके समापन के बाद घाटों और उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित करना था। इसके लिए विभिन्न घाटों पर विशेष स्वच्छता दलों के साथ अतिरिक्त कर्मचारियों एवं मशीनरी की तैनाती की गई, ताकि नियमित सफाई, कचरा संग्रहण एवं अन्य स्वच्छता संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें।

निगमायुक्त संजीव खिरवार ने सभी जोनल उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिए कि सांध्य और उषा अर्घ्य के बाद घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों की तत्काल एवं व्यापक सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नगर निगम के ठोस कचरे तथा निर्धारित खंडित मूर्ति संग्रहण पात्रों में एकत्रित सामग्री का उचित संग्रहण एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी जोनल उपायुक्त एवं संबंधित अधिकारी स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी के लिए सक्रिय रूप से क्षेत्र में मौजूद रहें।

पूर्वी जोन में स्वच्छ एवं हरित छठ पूजा पहल के अंतर्गत पूजा सामग्री एवं अन्य कचरे के पृथक संग्रहण के लिए ट्विन-बिन ई-रिक्शा रणनीतिक रूप से तैनात किए गए। पर्व से पहले, पर्व के दौरान एवं उसके बाद स्वच्छता बनाए रखने के लिए तीन पालियों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। इसके अतिरिक्त, घाटों के आसपास धूल प्रदूषण को कम करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर एवं पानी के टैंकर भी लगाए गए।

पश्चिमी जोन में सभी छठ घाटों पर विशेष स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई तथा अधिकतम संख्या में कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया। घाटों से ठोस कचरा हटाया गया। इसके साथ ही छठ पूजा आयोजकों के समन्वय से पर्व के लिए बनाए गए अस्थायी ढांचों को भी हटाया गया।

दक्षिणी जोन में 23 वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें संबंधित सभी वार्डों के सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। कचरे के समयबद्ध संग्रहण एवं परिवहन तथा घाटों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के लिए लगभग 150 अतिरिक्त कर्मचारियों और 23 टिप्परों को तैनात किया गया। सभी जोनों में पर्व के अवसर पर बनाए गए कृत्रिम छठ घाटों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। पूजा संपन्न होने के बाद इन अस्थायी घाटों में भरे पानी की निकासी की गई, ताकि जलभराव न हो और मच्छरों के प्रजनन की संभावना को कम किया जा सके।

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 हटा: प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बाद लिया गया निर्णय, जानें कौन से प्रतिबंध हटे

नई दिल्ली । वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ग्रैप उप-समिति ने ग्रैप चरण-तीन को रद करने का निर्णय लिया है। दैनिक एक्यूआई में गिरावट का रुख देखा गया है। मंगलवार को एक्यूआई 204 तक पहुंच गया है। ग्रैप चरण-एक और दो के तहत सभी प्रतिबंध अभी भी लागू रहेंगे।

क्या होता है ग्रैप फामूर्ला?

ग्रैप को दिल्ली एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरण के हिसाब से बांटा गया गया है। ग्रैप का चरण-1 उस वक्त लागू होता है, जब दिल्ली में अदक का स्तर 201-300 के बीच होता है। ग्रैप का दूसरा चरण उस परिस्थिति में प्रभावी होता है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 301-400 के बीच ह्यबहुत खराबह्न मापा जाता है। चरण-3 ह्यगंभीरह्न वायु गुणवत्ता के बीच लागू किया जाता है। जिस वक्त दिल्ली में एक्यूआई 401-450 के बीच होता है। वहीं ग्रैप कार्य योजना का अंतिम और चरण-4 ह्यगंभीर +ह्न वायु गुणवत्ता की परिस्थिति में लागू किया जाता है।

ग्रैप तीन के तहत इन कार्य पर थी पाबंदी



-पूरे एनसीआर में धूल पैदा करने वाली व वायु प्रदूषण फैलाने वाली सीएंडडी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध था। -बोरिंग और ड्रिलिंग कार्यों सहित खुदाई और भराई के लिए मिट्टी का काम।

-पाइलिंग कार्य, सभी विध्वंस कार्य।

-ओपन ट्रेंच सिस्टम द्वारा सीवर लाइन, पानी की लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबलिंग आदि बिछाना।

-ईंट/चिनाई कार्य।

-प्रमुख वेल्डिंग और गैस-कटिंग कार्य, हालांकि, एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग) कार्यों के लिए छोटी वेल्डिंग गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी। -सड़क निर्माण गतिविधियां और प्रमुख मरम्मत।

-परियोजना स्थलों के भीतर व बाहर कहीं भी सीमेंट, फ्लाई-ऐश, ईंट, रेत, पत्थर आदि जैसी धूल पैदा करने वाली सामग्रियों का स्थानांतरण, लोडिंग/अनलोडिंग।

-कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही।

-विध्वंस अपशिष्ट का कोई भी परिवहन।

# कोर्ट ने लगाई केजरीवाल-सिसोदिया को फटकार: छह महीने में जवाब दाखिल नहीं कर पाए, जज बोले- आप बेवकूफ बना रहे हैं

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य नेताओं को अदालत की अवमानना के मामले में जवाब दाखिल न करने पर कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा पर की गई टिप्पणियों के संबंध में अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह आपराधिक अवमानना का मामला शुरू किया था।

आप हमें बेवकूफ बना रहे

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति अरुण भारद्वाज की खंडपीठ ने आप नेताओं को तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया है। पीठ ने कहा, हमें रिपोर्ट मिली है कि पूरा अनुपालन कर दिया गया है। अब हम आपको और समय



नहीं देंगे। यह ठीक नहीं है। आप हमें बेवकूफ बना रहे हैं। रजिस्ट्री की रिपोर्ट के अनुसार सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं। अब आप अपना जवाब दाखिल करें, अन्यथा हम आपका अधिकार बंद कर देंगे।

जनवरी 2027 में होगी सुनवाई

आप नेताओं की ओर से पेश हुए कई वकीलों ने पीठ को बताया कि उन्हें अभी कुछ दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि उनके पास इस संबंध में एक नोट भी है, जिसे वे अपने जवाब में रखेंगे। अदालत ने कहा कि कथित अवमाननाकर्ता अपनी आपत्तियां अपने जवाब में उठा सकते हैं। मामले की सुनवाई जनवरी 2027 में होगी।

यह है मामला

अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और दुर्गेश पाठक के खिलाफ यह मामला 14 मई को उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू किया गया था। यह कार्रवाई न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा द्वारा उनके सोशल मीडिया पोस्ट और उन्हें लिखे गए पत्रों को संज्ञान में लेने के बाद की गई थी, जो आबकारी नीति मामले की कार्यवाही में भाग लेने से इनकार से संबंधित थे। न्यायमूर्ति शर्मा आबकारी नीति मामले में केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य आरोपियों को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ सीबीआई की चुनौती सुन रही थीं। हालांकि, केजरीवाल और अन्य ने न्यायाधीश के पक्षपात और हितों के टकराव का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय की सुनवाई में भाग लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद न्यायमूर्ति शर्मा ने उनके खिलाफ अवमानना का मामला शुरू किया, जिस पर अब न्यायमूर्ति चावला की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही है।

इस बीच, अधिवक्ता अशोक चैतन्य ने केजरीवाल, सौरव दास और कुछ अन्य आप नेताओं के खिलाफ अलग से आपराधिक अवमानना का मामला दायर किया है। चैतन्य के मामले का एक मुख्य आधार दास के एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर की गई पोस्ट और आप नेताओं की उस पर प्रतिक्रिया है। नौ अप्रैल को दास ने न्यायमूर्ति शर्मा के खिलाफ हितों के टकराव का आरोप लगाया था, क्योंकि वह आबकारी नीति मामले में सीबीआई की चुनौती सुन रही थीं। दास ने कहा था कि न्यायमूर्ति शर्मा के बेटे और बेटी को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार द्वारा पैनल में शामिल किया गया था। इस पोस्ट का हवाला देते हुए केजरीवाल ने पूछा था, क्या यह सच है? बहुत विस्फोटक।

# पुलिस से मुठभेड़ में चेन स्नेचर गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल, एक साथी फरार; तमंचा-चेन बरामद

गाजियाबाद । गाजियाबाद के चिरोड़ी बाजार में महिला से चेन छीनने की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को रविवार को लोनी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक कारतूस, चोरी की बाइक और महिला से छीनी गई चेन बरामद की है।



पुलिस के मुताबिक, 16 नवंबर को लोनी थाना पुलिस की टीम चिरोड़ी चौकी बैरियर के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चेन छीनने की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश बाइक से बागपत की तरफ से आ रहे हैं। कुछ देर बाद पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार नेवला भट्टी गांव की तरफ नहर की पटरी पर भागने लगे।

एसीपी लोनी राम किशन ने बताया कि पुलिस टीम ने पीछा किया तो उनकी बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल की पहचान दीपक निवासी झिझाना, जिला शामली के रूप में हुई। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पूछताछ में दीपक ने बताया कि उसने अपने साथी हरिप्रकाश निवासी बिरालियान, थाना झिझाना, शामली के साथ मिलकर कुछ दिन पहले चिरोड़ी बाजार में एक महिला से चेन छीनी थी।

# स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने की समीक्षा बैठक, जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली । दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को निगमायुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्तों तथा सभी जोन के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

करुणामूलक आधार पर नियुक्ति एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, खतरनाक और जर्जर इमारतों के संबंध में कार्रवाई तथा उस्मानपुर एमसीडी स्टाफ क्वार्टर के पुनर्विकास से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बैठक के दौरान सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम में अनुकंपा नियुक्तियों की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र आश्रितों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। उन्होंने ऐसे आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण से संबंधित मामलों का भी प्राथमिकता के साथ निपटारा करने के निर्देश दिए। इस प्रक्रिया की प्रगति की निगरानी के लिए प्रत्येक माह में



समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, जिससे लंबित मामलों की स्थिति की नियमित समीक्षा हो सके और आवश्यक कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके।

वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष ने सभी जोन के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखें। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा मलबे को समय पर हटाया जाए, ताकि धूल से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सभी जोन में डीप क्लीनिंग अभियान को और तेज करने तथा निर्माण गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नियमानुसार चालान किए जाएं। बैठक में खतरनाक एवं जर्जर इमारतों की पहचान और उनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी इमारतों का नियमित निरीक्षण किया जाए और जहां भी सुरक्षा संबंधी खतरा पाया जाए, वहां नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को कम किया जा सके।

# शाहदरा में मकान की छत गिरी, मलबे से निकाले सात लोग, दो की हुई मौत और चार घायल

नई दिल्ली । पूर्वी दिल्ली के शाहदरा जिले के विवेक विहार स्थित ज्वाला नगर इलाके में एक बड़ा हादसा हुआ है। मंगलवार को यहां एक दो मंजिला मकान की छत ढह गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू कर दिया।

दिल्ली के ज्वाला नगर में मकान गिरने से कितने लोग घायल हुए?

दिल्ली पुलिस के अनुसार, थाना विवेक विहार को सुबह करीब 10:09 बजे मकान गिरने की सूचना प्राप्त हुई। खबर मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। फिलहाल, मलबे से सात लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। घायलों में से दो लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ज्वाला नगर हादसे में घायल लोगों को किस अस्पताल में भर्ती कराया गया? स्थानीय लोगों ने पुलिस और बचाव दल के साथ मलबे से अभी तक सात लोगों को निकाला है। सभी घायलों को डॉक्टर हेडगेवार अस्पताल भेजा गया है। जहां दो लोगों की मौत बताई जा रही है। मरने वाले में तीन साल का बच्चा और 35 साल का युवक शामिल है। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई है।

मृतकों की पहचान खुशबू (3) और पिंटू (35) के रूप में हुई है। वहीं, आकाश (25), लड्डू उर्फ देवांश (27), विकास (35) और दिलीप (22) घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी किराए पर यहां रहते थे। बताया जा रहा है कि इमारत करीब 40 से 50 साल पुरानी है। शाहदरा के ज्वाला नगर में मकान की छत गिरने के मामले में डीएम अजय ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मकान करीब 40 साल पुराना था।

रेलवे ट्रैक के पास होने के कारण बार-बार कंपन से कमजोर होने की बात सामने आ रही है।

# गोपाष्टमी गौमाता की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने वालों को याद करने का अवसर भी : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि गोपाष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह गोमाता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले लोगों को याद करने का अवसर भी है।



गुप्ता ने मंगलवार को मयूर विहार फेज-1 में गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोमाता के प्रति श्रद्धा केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक परंपराओं और सभ्यतागत विरासत के साथ हमारे गहरे संबंध को भी प्रतिबिंबित करती है। सात नवंबर 1966 की घटनाओं का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष की गोपाष्टमी का विशेष ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यह संसद के निकट गोहत्या पर देशव्यापी प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर हुए आंदोलन के छह दशक पूरे होने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि गोरक्षा के उद्देश्य से संघर्ष करते हुए संत-महात्माओं को कारावास, कानूनी कार्यवाहियों और अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, ह्नजब-जब समाज के समक्ष उसके गहरे मूल्यों और मान्यताओं को लेकर चुनौती उत्पन्न हुई है, तब-तब संतों और आध्यात्मिक गुरुओं ने असाधारण व्यक्तिगत त्याग और बलिदान के माध्यम से समाज की सामूहिक चेतना को जागृत किया है।

# आलिया, मेरी जिंदगी का आखिरी सबूत: पति ने 3.15 मिनट के वीडियो में बताई दर्दभरी कहानी, फिर उठाया खौफनाक कदम

नई दिल्ली । फरीदाबाद आलिया जी, यह मेरी जिंदगी का आखिरी सबूत हैह्न कहकर 24 वर्षीय युवक ने वीडियो बनाया और पत्नी व ससुराल पक्ष पर मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाते हुए नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। इसके बाद से युवक लापता है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि उसने नहर में छलांग लगाई है या वह कहीं और चला गया है। मवई के पास कटपुला पर उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन मिला है। युवक की पहचान मवई की गड्ढा कॉलोनी निवासी अरमान खान के रूप में हुई है। वह सामान की डिलीवरी का काम करता था। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही है।

आलिया की जिद में अरमान ने छोड़ा परिवार

परिजनों के मुताबिक, अरमान की शादी 30 जनवरी को बड़खल निवासी आलिया के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच विवाद रहता था। परिजनों का आरोप है कि आलिया उस पर शक करती थी और मानसिक रूप से परेशान करती थी। वह परिवार के अन्य सदस्यों से भी झगड़ा करती थी। करीब एक महीने पहले आलिया की जिद के चलते अरमान अपने माता-पिता और भाई-बहनों से अलग होकर किराये के मकान में रहने लगा था। अरमान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के रहने वाला है। परिवार में उसका एक भाई और दो बहनें हैं।

तीन मिनट 15 सेकंड में बयां किया दर्द, कहा- हर मिनट का सबूत चाहिए था

अरमान ने मंगलवार सुबह करीब पांच बजे तीन मिनट 15 सेकंड का वीडियो बनाकर पत्नी, पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को व्हाट्सएप पर भेजा था। वीडियो में वह आलिया को संबोधित करते हुए कहता है कि उन्हें हर मिनट का सबूत चाहिए था कि कहां जा रहा हूं, क्या खा रहा हूं और किसके साथ हूं। उसने कहा कि पत्नी के शक ने उससे उसका परिवार छीन लिया और उस पर कर्ज चढ़ गया। उन्होंने पिछले नौ महीनों में केवल एक महीने काम कर पाने की बात भी कही।ससुराल पक्ष पर अभद्रता और मारपीट के आरोप

वीडियो में अरमान ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग उससे अभद्र भाषा में बात करते थे। पत्नी के भाई पर घर आकर मारपीट करने और मामा-मामी पर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया। उसने पुलिस चौकी और थाने में शिकायत देने की बात कहकर डराने का भी आरोप लगाया। वीडियो में उसने चार दिन पहले अगरबत्ती खाकर जान देने की कोशिश करने का जिक्र किया। उसका आरोप था कि उस समय पत्नी ने उसे रोकने के बजाय हंसते हुए कहा था कि मर जाओगे तो सब्र हो जाएगा। वीडियो के अंत में उसने कहा कि मिलना है तो नहर में मिल लेना।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

**कानपुर सेंट्रल-आनन्द विहार(टर्मि.)-कानपुर सेंट्रल प्रतिदिन एक्सप्रेस की नियमित सेवा की शुरूआत**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलगाड़ी सं. 14153 / 14154 कानपुर सेंट्रल-आनन्द विहार(टर्मि.)-कानपुर सेंट्रल प्रतिदिन विशेष की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

14153/14154 कानपुर सेंट्रल-आनन्द विहार(टर्मि.)-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 14153 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 14154 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 20:40 | कानपुर सेंट्रल | 07:25 | — |
| 21:35 | 21:37 | फफूँद | 04:58 | 05:00 |
| 22:30 | 22:32 | इटावा जं. | 04:20 | 04:22 |
| 00:10 | 00:12 | टूण्डला जं. | 03:13 | 03:15 |
| 00:45 | 00:47 | हाथरस सिटी | 02:20 | 02:22 |
| 01:33 | 01:35 | अलीगढ़ जं. | 01:50 | 01:52 |
| 02:05 | 02:07 | खुर्जा जं. | 00:53 | 00:55 |
| 02:50 | 02:52 | दादरी | 00:13 | 00:15 |
| 03:54 | 03:56 | गाजियाबाद जं. | 23:48 | 23:50 |
| 04:50 | — | आनन्द विहार(टर्मि.) | — | 23:25 |

चलने के दिन: 14153 कानपुर सेंट्रल से और 14154 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 19.11.2026 से (प्रतिदिन)। स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में

4011/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



alpex

**ALPEX SOLAR LIMITED**

CIN: L51909DL1993PLC171352

Regd. Office: B-79, Shivalik Enclave, Near Malviya Nagar, New Delhi-110017, India
Email: info@alpex.in | Website: www.alpexsolar.com | Tel: +91 120 2341146

**पोस्टल बैलेट नोटिस और ई-वोटिंग की जानकारी**

एल्पेक्स सोलर लिमिटेड (**कंपनी**) के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (**अधिनियम**) की धारा 108 और 110 के प्रावधानों, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (**नियम**) के नियम 20 और 22 (समय-समय पर संशोधित), अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों (जिसमें वर्तमान में लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन शामिल है), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (**लिस्टिंग विनियम**) के विनियमन 44, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड-2 (SS-2) (समय-समय पर संशोधित), और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी सामान्य परिपत्रों (जैसे 8 अप्रैल 2020 का 14/2020, 13 अप्रैल 2020 का 17/2020, और इस संबंध में बाद में जारी परिपत्र, जिनमें 22 सितंबर 2025 का 03/2025 सबसे हालिया है – जिन्हें सामूहिक रूप से 'MCA' कहा गया है), साथ ही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा समय-समय पर जारी लागू परिपत्रों और अन्य संबंधित कानूनों व नियमों के अनुसार, कंपनी ने मंगलवार, 17 नवंबर 2026 को उन सभी सदस्यों को ईमेल के माध्यम से **पोस्टल बैलेट नोटिस** भेजा है, जिनके पास कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को कंपनी के शेयर थे। यह नोटिस उन सदस्यों को भेजा गया है जिनके ईमेल पते कंपनी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (ठरऊछ), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) (जिन्हें सामूहिक रूप से **डिपॉजिटरी** कहा जाता है), या कंपनी के रजिस्ट्रार टू एन इश्यू एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) **स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** के पास पंजीकृत हैं। इसका उद्देश्य कंपनी के सदस्यों से इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (**रिमोट ई-वोटिंग**) के जरिए मतदान कराकर, NSE B (NSE Emerge) से इक्विटी शेयरों के माइग्रेशन (स्थानांतरण) के लिए **विशेष प्रस्ताव** (Special Resolution) के माध्यम से उनकी सहमति प्राप्त करना है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (ठरए) का मुख्य बोर्ड और/या इरए लिमिटेड (इरए) का मुख्य बोर्ड।

उपर्युक्त टउअ सर्कुलर के अनुसार, इस पोस्टल बैलेट के लिए नोटिस की फिजिकल कॉपी, पोस्टल बैलेट फॉर्म और पहले से भुगतान किए गए बिजनेस लिफाफे को भेजने की आवश्यकता को हटा दिया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 ("ICDR Regulations") के विनियमन 277 के अनुसार, उक्त प्रस्ताव पर तभी कार्रवाई की जाएगी, जब प्रमोटरों के अलावा अन्य शेयरधारकों द्वारा प्रस्ताव के पक्ष में डाले गए वोट, प्रमोटर शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों द्वारा प्रस्ताव के विरोध में डाले गए वोटों की तुलना में कम से कम दोगुने हों।

कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए CDSL की सेवाएं ली हैं। इसलिए, सदस्यों को अपनी सहमति या असहमति केवल CDSL द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ही देनी होगी। रिमोट ई-वोटिंग के लिए निर्देश पोस्टल बैलेट नोटिस में दिए गए हैं। सदस्यों के वोटिंग अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि के अनुसार की जाएगी। रिमोट ई-वोटिंग बुधवार, 18 नवंबर 2026 को सुबह 09:00 बजे (करळ) शुरू होगी और गुरुवार, 17 दिसंबर 2026 को शाम 05:00 बजे (IST) समाप्त होगी (दोनों दिन इसमें शामिल हैं)। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद CDSL द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा। एक बार प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में उसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल जानकारी के उद्देश्य से समझना चाहिए। जिन सदस्यों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं या जिन्हें अपने ईमेल पते अपडेट करने की आवश्यकता है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (DP) से संपर्क करके अपने डीमैट शेयरों के लिए ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करवाएं। जिन सदस्यों के पास फिजिकल रूप में शेयर हैं, उन्हें अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने के लिए RTA को फॉर्म क्रफ-1 जमा करना होगा; इसके लिए वे admin@skylinerta.com पर ईमेल भेज सकते हैं।

यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट aexsolar.com, NSE की वेबसाइट www.nseindia.com CDSL की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगा।

पोस्टल बैलेट के परिणाम शनिवार, 19 दिसंबर, 2026 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणामों और स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट को कंपनी की वेबसाइट www.alpexsolar.com CDSL की वेबसाइट www.evotingindia.com पर डालकर ठरए को सूचित किया जाएगा। CDSL की रिमोट ई-वोटिंग सुविधा/सिस्टम से जुड़े किसी भी सवाल या समस्या के मामले में, सदस्य alpdesk.evotibg@cdslibdia.com पर ईमेल भेज सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 18002109911 पर संपर्क कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए आप श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, अ विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई-400013 से संपर्क कर सकते हैं।

इस पोस्टल बैलेट के माध्यम से पारित किए जाने वाले प्रस्ताव के संबंध में किसी भी सवाल के लिए, सदस्य कंपनी को investors@alpex.in पर ईमेल लिख सकते हैं।

For Alpex Solar Limited
Sd/-
Sakshi Tomar
Company Secretary & Compliance Officer
Membership No: A48936

Date: November 18, 2026
Place: New Delhi